Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to review the status of implementation of various centrally sponsored schemes in Madhya Pradesh- Laid

श्री राकेश सिंह (जबलपुर): एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर आपका और इस सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा ।

मध्य प्रदेश में मनरेगा योजना बुरी स्थिति में है । वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस योजना के अंतर्गत जबलपुर जिले में 40 लाख लोगों को रोजगार दिया जाना निश्चित किया गया था, किन्तु वित्तीय वर्ष के अंतिम महीने में भी अब तक उक्त लक्ष्य के अंतर्गत सिर्फ 15 लाख लोगों को ही रोजगार दिया जा सका है ।

यह केवल मेरे संसदीय क्षेत्र जबलपुर की स्थिति नहीं, अपितु पूरे प्रदेश में प्रधान मंत्री आवास योजना एवं मनरेगा के साथ ही अन्य सभी केन्द्रीय योजनाअनों की यही स्थिति ळै ।

आपके माध्यम से मैं केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से आग्रह करूंगा कि मध्य प्रदेश में केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत हो रहे कार्यों की समीक्षा करे, ताकि प्रदेश की जनता को उनके अधिकारों के अंतर्गत केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके ।